CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

◘ वर्ष- 28 ◘ अंक- 63 ◘ रायपुर, शनिवार 29 मार्च 2025 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




# सुकमा में मुठभेड़, 16 नक्सली ढेर; शव बरामद



भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक सामग्री जब्त

**जगदलपुर/सुकमा,** 29 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा के गोगंडा पहाड़ी में आज सुबह से पुलिस-नक्सली मुठभेड़ जारी है. यह मुठभेड़ गोगंडा पहाड़ी के उपमपल्ली इलाके में हुई, जहां डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों ने अब तक 16 माओवादियों के शव बरामद किए हैं. इसके साथ ही सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की है, जिसमें एके-47, एसएलआर, आईएनएसएएस राइफल, .303 राइफल, रॉकेट लांचर और बीजीएल लांचर शामिल हैं. वहीं 2 जवानों को मामूली चोट भी आई है।

मिली जानकारी के अनुसार, 28 मार्च 2025 को जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर डीआरजी सुकमा और सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना हुई थी. अभियान के दौरान 29 मार्च 2025 को सुबह 8 बजे से माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच लगातार फायरिंग जारी रही. इलाके में सुरक्षा बलों के जवान लगातार सर्चिंग कर रहे हैं. मारे गए माओवादियों की संख्या अभी और भी बढ़ने की संभावना है. छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई चल रही है, जिसका उद्देश्य 31 मार्च 2026 तक बस्तर से नक्सलवाद का खात्मा करना है. इस अभियान में बस्तर पुलिस, डीआरजी, बस्तर फाइटर, सीआरपीएफ, कोबरा, बीएसएफ, और सामान्य सुरक्षा बल सभी सुरक्षा बलों ने प्रभावी रूप से करवाई कर रहे हैं. भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक 63 मुठभेड़ में 333 नक्सलियों को अलग-अलग मुठभेड़ में जवानों ने ढेर कर दिया है. इसमें आज हुई मुठभेड़ के आंकड़े भी शामिल हैं. हालांकि मारे गए नक्सलियों की संख्या अभी और भी बढ़ सकती है. वहीं नक्सलियों के एनकाउंटर के अलावा कई सेमी ऑटोमेटिक ऑटोमेटिक वेपंस के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक सामान भी बरामद किए गए हैं. कई दस्तावेज भी नक्सली संगठन से बरामद हुए हैं, जिनके आधार पर पुलिस को लगातार सफलताएं मिल रही हैं. बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे के बाद, बस्तर की जनता को शांति और सुरक्षा का अनुभव होगा. बस्तर की खूबसूरत पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की संख्या भी बढ़ जाएगी. यह बस्तर के विकास और प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा. नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में सफलता के कई कारण हैं. सबसे पहले, सुरक्षा बलों की प्रभावी कार्रवाई ने नक्सलियों को कमजोर किया है. दूसरा, बस्तर की जनता का सहयोग भी नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. तीसरा, सरकार की ओर से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को बढ़ावा देने से नक्सलियों के समर्थन में कमी आई है.

## म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या 1002 हुई, 2376 घायल



भारत ने शुरू किया ऑपरेशन ब्रह्मा

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (न्यूज चैनल)। म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार(28 मार्च) को आए भूकंप ने भयंकर तबाही मचाई है। अकेले म्यांमार में भूकंप में 1002 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सैंकड़ों लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहीं इस भूकंप में अभी तक 2300 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। 30 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। उधर थाईलैंड में करीब 10 लोगों की भूंकप से मौत हुई है। अचानक आई इस आपदा के बाद म्यांमार ने आपातकाल लगा दिया गया है। इस भंयकर भूकंप का असर सिर्फ म्यांमार पर ही नहीं बल्कि आसपास के देशों में देखने को मिला है। भूकंप का भारत, चीन नेपाल समेत पांच देशों में देखने को मिला है। भूकंप से प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए भारत ने ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत राहत सामग्री भेजी है। वायुसेना का विमान सी-130 जे करीब 15 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंच गया है।

म्यांमार के अलावा थाईलैंड, चीन, नेपाल और भारत में भूकंप के झटके महसूस किए गए। वहीं शनिवार रात में भी म्यांमार और अफगानिस्तान में फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए। सुबह करीब 5 बजकर 16 मिनट पर अफगानिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.7 रही। समाचार एजेंसी एएफपी ने म्यांमार की सेना (जुंटा) के हवाले से बताया है कि भूकंप में अबतक 694 लोगों की मौत हुई है, जबकि 1,670 घायल हुए हैं। वहीं अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण(यूएसजीएस) का अनुमान है कि मरने वालों की संख्या 1,000 से अधिक हो सकती है। अस्पतालों में खून की भारी किल्लत की खबरें मिल रही हैं। म्यांमार में राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी हैं, लेकिन हर तरफ मलबे का ढेर, टूटी सड़कें, और ढही इमारतें नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि, अस्पतालों में घायलों की तादाद भी हजारों में है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, इस भूकंप से मरने वालों की संख्या 1,000 से अधिक हो सकती है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### मुख्यमंत्री ने सौगात-ए-मोदी के तहत 5 सौ मुस्लिम बहनों को बांटे उपहार



**रायपुर,** 29 मार्च (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुस्लिम समाज की जरूरतमंद बहनों को सौगातें भेंट कर सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल सौगात-ए-मोदी के तहत मुख्यमंत्री साय ने गरीब महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए जिसमें लेडीज़ सूट का कपड़ा, सेवइयां, खजूर और मिठाइयां शामिल थीं। मुख्यमंत्री साय ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद का पर्व प्रेम, सद्भाव और एकजुटता का प्रतीक है। डॉ. सलीम राज ने बताया कि इसके पहले रायपुर में अल्प संख्यक मोर्चे और छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 500 महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद, एम. इकबाल, संजय श्रीवास्तव, शाहिद खान, रजिया खान, आबिदा खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

### यमुना का जहरीला पानी कर रहा गुरुग्राम नहर को प्रदूषित

**नई दिल्ली,** 29 मार्च (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा से प्रदूषित पानी यमुना नदी में बहता है। ये प्रदूषित पानी गुरुग्राम नहर यानी (दिल्ली के ओखला बैराज के नीचे) में जाता है। ये जानकारी हरियाणा सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा में दी है।




**चूहा- सुनती हो, डोनाल्ड ट्रंप पीएम मोदी को भारी स्मार्ट नेता बता रहे हैं।**

**चुहिया- हां जी, रोज लाखों रुपए लगता भी तो है।**

## वाणिज्यिक कोयला खनन के क्षेत्र में असाधारण योगदान और उत्कृष्टता के लिए जिंदल पावर लिमिटेड सम्मानित



**रायपुर,** 29 मार्च (हाईवे चैनल)। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय ने वाणिज्यिक कोयला खनन क्षेत्र में असाधारण योगदान और उत्कृष्टता के लिए जिंदल पावर लिमिटेड को सम्मानित किया गया हैं।जो कि देश का लगभग 90नकमर्शियल उत्पादन वाणिज्य कोयले उत्पादन किया हैं,जो देश में सबसे अधिक राजस्व योगदान कर्ता के रूप में उभरा हैं,यह पुरस्कार दिल्ली में माननीय केंद्रीय कोयला और खनन मंत्री श्री किशन रेड्डी द्वारा प्रदान किया गया।

जे पी एल ने केवल मांग को पूरा करने के लिए आबंटित खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए अथक प्रयास किया हैं बल्कि इन परियोजनाओं की शुरुआत कर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का विकास भी किया हैं,इसके साथ ही स्थानीय आबादी के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान कर रहा हैं। जे पी एल के अथक प्रयासों का ही नतीजा हैं कि वो आज इस मुकाम को हासिल कर पाया है जे पी एल क्षेत्र के सामाजिक विकास और आजीविका के लिए हमेशा से समर्पित रहा है और कई सीएसआर संचालित कर स्थानीय लोगों का विकास भी कर रहा है।

## पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर ने आईना दिखाया भाजपा सरकार में दलाल संस्कृति हावी



**भाजपा में काम करने वाला कोई और मलाई खाने वाला कोई और**

**रायपुर,** 29 मार्च (हाईवे चैनल)। पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर साय सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने आईना दिखाया है। भाजपा सरकार में दलाल संस्कृति हावी है। पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर के पत्र से भाजपा संगठन और सरकार के बीच चल रही तनातनी को उजागर किया है भाजपा में भारी गुटबाजी और अंतर्कलह चल रहे। भाजपा में काम करने वाला कोई और और मलाई खाने वाला कोई और है भाजपा में जमीनी कार्यकर्ताओं का कोई सम्मान नहीं है। आरएसएस और सरकार के मंत्रियों के चाटुकारिता करने वालों को पद से सुशोभित करने की तैयारी चल रही है और भाजपा के कार्यकर्ताओं की नाराजगी को ननकी राम कंवर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने रखा है। भाजपा की सरकार को 15 महीना होने जा रहा है लेकिन अब तक साय कैबिनेट पूरी तरह से बनी नहीं है अभी भी दो मंत्री के पद खाली हैं। निगम, मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। इसकी मुख्य वजह भाजपा की अंतर्कलह है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर ने साय सरकार के सुशासन की पोल खोल दी है। बड़े-बड़े विज्ञापनों में सुशासन का ढिंढोरा पीटने वाले अपने संगठन के भीतर ही सुशासन स्थापित नहीं कर पाए हैं वहां भी मनमर्जी और मनमानी चल रहा है। अभी एम आई सी सदस्यों की नियुक्ति के दौरान भी भाजपा के एक नेता ने दुखी होकर कहा था एमआईसी सदस्य बनने के लिए 25 से 50 लाख रुपए की मांग की जा रही है इसी कारण वह सदस्य नहीं बन पाएंगे और भाजपा का चरित्र भी पदों को बेचना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर के पत्र ने भाजपा के उसे दावों की पोल खोल दी है जिसमें कहा जाता है कि भाजपा कैडर बेस पार्टी है। यहां अनुशासन है जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा सूटकेस वालों की पार्टी है और वहां अनुशासन नाम की चीज नहीं है जो ज्यादा मोटी रकम देगा उसी को वहां पद से सुशोभित किया जाता है और आम कार्यकर्ताओं को अनुशासन का डंडा दिखाकर डराया धमकाया जाता है।

## साल का पहला सूर्य ग्रहण, भारत में मान्य नहीं होगा सूतक काल

नई दिल्ली, 29 मार्च (न्यूज चैनल)। सूर्य ग्रहण को एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना माना जाता है। जब चंद्रमा पृथ्वी और सूर्य के बीच से गुजरता है तब सूर्य ग्रहण लगता है। 29 मार्च 2025, शनिवार को साल 2025 का पहला सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। इसका न केवल वैज्ञानिक बल्कि धार्मिक महत्व भी अत्यधिक है। ग्रहण चाहे सूर्य हो अथवा चन्द्र दोनों से पहले सूतक काल लगता है। साल का पहला सूर्य ग्रहण भारत में नहीं देखा जा सकेगा इसलिए सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। ज्योतिष विद्वानों का कहना है, जब सूर्य अथवा चंद्रमा को ग्रहण लगता है तो 12 राशियों पर विभिन्न प्रभाव पड़ते हैं। इनके बुरे प्रभाव को शुभता में परिवर्तित करने के लिए ज्योतिष शास्त्र में बताए गए उपाय करने चाहिए। ग्रहण के बाद दान भी अवश्य करना चाहिए। 29 मार्च 2025 को चैत्र शुक्ल पक्ष की अमावस्या तिथि है। इस दिन साल का पहला सूर्य ग्रहण लगेगा। यह सूर्य ग्रहण आंशिक होगा और भारत में दिखाई भी नहीं देगा। 29 मार्च की दोपहर 2꞉20 पर ग्रहण का समय आरंभ होगा और शाम 6꞉13 पर इसका समापन होगा।

## कुणाल कामरा के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किए मामले

नई दिल्ली, 29 मार्च (न्यूज चैनल)। मुश्किलों में फंसे कॉमेडियन कुणाल कामरा की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही है। मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में कुणाल कामरा के खिलाफ तीन मामले दर्ज किए गए है। तीन नए मामले जिन शिकायतकर्ताओं की शिकायत के बाद किए गए हैं उनमें जलगांव शहर के मेयर भी शामिल हैं। कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ नासिक के एक होटल व्यवसायी और एक अन्य व्यवसायी ने भी मामला दर्ज कराया है। मुंबई पुलिस की मानें तो कुणा कामरा को पूछताछ के लिए दो बार बुलाया जा चुका है। मगर अब तक उनकी पेशी नहीं हुई है। शिकायतों की जांच जारी है। इस बीच, मद्रास उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कामरा को अग्रिम जमानत दे दी, क्योंकि उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए अदालत का रुख किया था।

## ट्रंप ने कहा- मोदी एक स्मार्ट व्यक्ति और अच्छे मित्र हैं



**नई दिल्ली,** 29 मार्च (न्यूज चैनल)। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्हें बहुत ही स्मार्ट व्यक्ति और एक महान मित्र कहा, जबकि दोनों देश टैरिफ पर बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प की यह टिप्पणी शुक्रवार को न्यू जर्सी की अमेरिकी अटॉर्नी एलिना हब्बा के शपथ ग्रहण समारोह में पत्रकारों से बातचीत के दौरान आई।

अमेरिकी सामानों पर भारत और अन्य देशों द्वारा लगाये गये उच्च शुल्क की ट्रंप की ओर से की जा रही लगातार आलोचनाओं के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति की हालिया टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में कहा, "प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी हाल ही में यहां आए थे और हम हमेशा से बहुत अच्छे मित्र रहे हैं।" ट्रंप ने कहा, "भारत दुनिया में सबसे ज़्यादा शुल्क वसूलने वाले देशों में से एक है। यह क्रूर है, यह क्रूर है। वे बहुत होशियार हैं। वह (मोदी) बहुत बुद्धिमान आदमी हैं और मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं।

## फामेश्वरी यादव बनीं छत्तीसगढ़ की पहली महिला अग्निवीर



**मुख्यमंत्री ने दी बधाई**

**रायपुर,** 29 मार्च (हाईवे चैनल)। गरियाबंद जिले की 21 वर्षीय फामेश्वरी यादव ने भारतीय सेना में अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस के रूप में चयनित होकर छत्तीसगढ़ की पहली महिला अग्निवीर बनने का गौरव प्राप्त किया है। यह राज्य के लिए गर्व और बेटियों के आत्मबल का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फामेश्वरी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह केवल एक चयन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की बेटियों की हिम्मत और देशभक्ति का प्रमाण है। फामेश्वरी ने यह दिखा दिया कि अगर हौसले बुलंद हों तो कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह सफलता राज्य की अन्य युवतियों को भी प्रेरणा देगी, और उन्हें सेना व अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने का हौसला देगी। राज्य सरकार बेटियों के सशक्तिकरण और राष्ट्र सेवा के हर कदम में उनके साथ है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता छत्तीसगढ़ की नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और राज्य की बेटियाँ हर क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करेंगी। उल्लेखनीय है कि 24 मार्च, 2025 को घोषित परिणाम में चयन के बाद फामेश्वरी 01 मई, 2025 से बेंगलुरु स्थित सेना मिलिट्री पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्रारंभ करेंगी। उन्हें सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा सम्मानित भी किया गया।

CMYK